साईं बाबा से कह दो,वो बातें करे

साईं मूरत से कह दो वो बातें करे,
मेरी बातें सुने अपनी बातें कहे ।

मेरे आंसू पे नज़रे करम हो जरा,
कदम में आपके मैं हुँ कबसे पड़ा ।
जो हैं आँखों के आंसू उन्हें पोछ दे,
मेरी बातें सुने अपनी बातें कहे ॥

हुँ गुनहगार मैं, मैने माना मगर,
तुम खताबक्श हो, तुम ही हो रहबर ।
मैं शरण आ गया हुँ सहारा तो दे,
मेरी बातें सुने अपनी बातें कहे ॥

अपने वचनो को बाबाजी पूरा करो,
नंदी की झोली में साईं आशीष भरो ।
मैं हूँ तनहा ओ बाबा इशारा तो दे
मेरी बातें सुने अपनी बातें कहे ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36039/title/saibaba-se-kah-do--vo-baten-kare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |